रॉँची
15/09/2015

ICFAI
UNIVERSITY
JHARKHAND

The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

## इक्फाई वि० वि० झारखण्ड में इंजिनियर्स डे का आयोजन

इक्फाई वि० वि० के दलादली स्थित कैंपस में 15 सितम्बर 2015 को इंजिनियर्स डे समारोह का आयोजन हुआ।

आज भारतरत्न "सर एम विश्वेश्वरैया" की 155वीं जन्म दिवस पर वि० वि० के संकाय सदस्यों, छात्रों तथा कर्मचारियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

इंजिनियरस डे के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का स्वागत करते हुए वि० वि० ऐसोसिएट डिन (एफ एम सी) प्रो० मदन प्रसाद ने सर विश्वेश्वरैया के जीवन तथा उनके कामों की चर्चा की तथा इस शुभ दिन की महत्वता के बारे में बताया।

समारोह के मुख्य अतिथि इंडियन एसोसियन ऑफ एनर्जी मैनेजमेन्ट के सचिव श्री सुनील सूद ने वर्तमान समय में उर्जा के संरक्षण की महत्वता के बारे में छात्रों को बताया। पूर्व कुलपति (रांची वि० वि०) सह सदस्य बोर्ड ऑफ गर्वनस (इक्फाई वि० वि०) डॉ० के के नाग ने भी उर्जा संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर वि० वि० के छात्रों ने उर्जा संरक्षण पर अपना शोध पत्र तथा जीवंत मॉडल प्रस्तुत किया। श्री विमल कुमार साहु और समूह, श्री अनूप प्रकाश तिवारी, श्री सौरभ शेखर तथा अन्य वि० वि० के छात्रों ने अपना विचार तथा मॉडल उर्जा संरक्षण विषय के ऊपर प्रस्तुत किया।

वि० वि० के कुलसचिव डॉ० बी एम सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

समारोह में सहायक डिन प्रो० ए० एम प्रसाद, डॉ० एस सि स्वेन तथा अन्य शिक्षक, छात्र एवं छात्रायें उपस्थित थे।